सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 269 | इंदौर, गुरुवार 16 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## गृह समेत 29 विभाग संभालेंगे सीएम सम्राट चौधरी



**पटना, (एजेंसी) सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।**

बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी CM बनाया गया है। नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है। सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा।'

## राघव चड्ढा की सुरक्षा छीनी

**लुधियाना, (एजेंसी)** आम आदमी पार्टी (AAP) और उसके राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा के बीच का विवाद और बढ़ गया है। पंजाब की CM भगवंत मान की अगुआई वाली AAP सरकार ने राघव चड्ढा की सिक्योरिटी छीन ली है। पंजाब के सहप्रभारी, सांसद और राज्यसभा में उपनेता होने के नाते राघव चड्ढा को पंजाब पुलिस की सिक्योरिटी मिली थी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली के नेता सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया (X) पर दावा किया कि राघव चड्ढा को केंद्र सरकार ने जेड प्लस सिक्योरिटी दे दी है। केंद्र सरकार आखिर राघव चड्ढा पर इतनी मेहरबान क्यों है? हालांकि, चड्ढा के करीबी सोर्सेज के मुताबिक अभी उन्हें केंद्र से सुरक्षा नहीं मिली है। जानकारी के मुताबिक उन्हें जल्द केंद्रीय सुरक्षा मिल सकती है। तब तक उन्हें दिल्ली पुलिस की सिक्योरिटी दी जा सकती है। 2 हफ्ते पहले AAP ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी उपनेता के पद से हटाकर दूसरे सांसद अशोक मित्तल को यह पद दे दिया था। उसके बाद से ही AAP और राघव चड्ढा के बीच खूब बयानबाजी भी चली।

## मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के सरिता विहार इलाके में क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद 6 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ऑपरेशन के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर हमला कर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और उन्हें दबोच लिया। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई में कोई घायल नहीं हुआ है। आरोपियों के पास से दो देसी पिस्टल और एक 12 बोर की बंदूक बरामद की गई है, जिनसे तीन राउंड फायर किए गए थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### मुख्यमंत्री ने घोषित किए 10 और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, बेटियां रहीं अव्वल

# उत्कृष्ट गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से रोशन हो रहा प्रदेश का भविष्य

- डॉ. यादव ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी बधाई, अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिलेगा दूसरा अवसर




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बोर्ड परीक्षा हम सभी के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा तय करते हैं। मध्यप्रदेश में दी जा रही उत्कृष्ट शिक्षा से हमारे विद्यार्थियों का भविष्य दिनों दिन रोशन हो रहा है। मुख्यमंत्री डा. यादव ने बुधवार को संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा ली गई कक्षा 10वीं, 12वीं एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डीपीएसई) मुख्य परीक्षा- 2026 के परिणाम घोषित किए।**

वर्ष 2026 में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 73.42 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा। शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस बार बीते 16 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ रहा है। पिछले वर्ष भी शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों ने ही बोर्ड परीक्षा में कीर्तिमान गढ़ा था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने शासकीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर किया है, जिससे हमारे शासकीय स्कूल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में निजी स्कूलों के परिणामों से आगे निकल रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फरवरी से मार्च के बीच कक्षा 10वीं की परीक्षा हुई, जिसमें 8 लाख 97 हजार विद्यार्थी शामिल हुए। हाईस्कूल परीक्षा में 73.42 प्रतिशत विद्यार्थियों को सफलता मिली है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले 69.31 प्रतिशत छात्र और 77.52 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम 76.80 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों का 68.84 प्रतिशत रहा है। दोनों में 8 प्रतिशत का अंतर है। यह सांदीपनि विद्यालयों के अनुकूल वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है। हाईस्कूल की मेरिट में 378 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है, जिसमें 235 छात्राएं और 143 छात्र हैं। प्राइवेट स्कूलों में भी हमारी बेटियों ने ही बेटों से अधिक अंक हासिल किए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय जिले अनूपपुर के 93.85 प्रतिशत विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में सफलता मिली है। अनूपपुर जिला सबसे आगे रहा है। अलीराजपुर जिला 92.14 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा है। हाईस्कूल परीक्षा में पन्ना जिले के सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल, गुनौर की छात्रा कु. प्रतिभा सिंह सोलंकी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। इन्हें कुल 500 परीक्षांक में से 499 अंक मिले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिभा के रूप में पन्ना जिले से एक और हीरा निकला है। मुख्यमंत्री ने कु. प्रतिभा को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हायर सेकेंड्री में कक्षा 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च के बीच हुई, जिसमें 6 लाख 89 हजार 746 विद्यार्थी शामिल हुए। इस वर्ष 12वीं का परीक्षा परिणाम 76.01 प्रतिशत रहा है , जो बीते 16 साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस वर्ष 72.39 प्रतिशत छात्र और 79.41 छात्राओं को सफलता मिली है। यहां भी बेटियों ने ही फिर बाजी मारी है। शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों से बेहतर रहा है। हायर सेकेंड्री बोर्ड परीक्षा में शासकीय स्कूलों के 80.43 प्रतिशत और प्राइवेट स्कूलों के 69.67 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। इससे शासकीय और प्राइवेट स्कूल की पढ़ाई का अंतर साफ नजर आ रहा है। इस वर्ष हायर सेकेंड्री परीक्षा में 221 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इसमें 158 छात्राएं और 63 छात्र हैं। सर्वाधिक सफलता वाले जिलों में झाबुआ 93.23 प्रतिशत परिणाम के साथ पहले स्थान पर है और अनूपपुर जिला 93.04 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि कक्षा 12वीं बोर्ड में शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल की वाणिज्य संकाय की छात्रा कु. खुशी राय एवं अशासकीय गुरूदेव शिक्षा केन्द्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीलबड़, भोपाल की छात्रा कुमारी चांदनी विश्वकर्मा ने कुल 500 अंकों में से 494 अंक हासिल कर संयुक्त रुप से टॉप किया है। कक्षा 12वीं में राजधानी भोपाल का दबदबा रहा है।

# पीएम ने लोगों से 9 संकल्प लेने की अपील की

**बेंगलुरु, (एजेंसी) पीएम मोदी बुधवार को कर्नाटक में लोगों से 9 संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा, मेरी अपील जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन को लेकर है। इसके बाद उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण, सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों की स्वच्छता पर जोर दिया।**



उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के जरिए स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने, रसायन-मुक्त प्राकृतिक खेती अपनाने, मोटे अनाज (मिलेट्स) के साथ स्वस्थ भोजन को बढ़ावा देने और तेल के कम उपयोग की अपील भी की।

पीएम मांडया जिले के श्री क्षेत्र आदिचुंचनगिरि मठ पहुंचे थे। यहां उन्होंने गुरु भैरवैक्य मंदिर का उद्घाटन किया। सौंदर्य लहरी और शिव महिम्न स्तोत्र नामक किताब का विमोचन भी किया। इस मौके पर पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा भी मौजूद थे। यह वोक्कालिगा समुदाय से जुड़ा है।

# दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए चलेगा सुगम्य अभियान

## कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिले में दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुगम्य इंदौर अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान दो चरणों में चलेगा। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने जिले में “सुगम्य इंदौर अभियान” को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि यह अभियान दिव्यांगजनों के लिए शहर को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान को चरणबद्ध तरीके से प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। बताया गया कि पहले चरण में जिले के सभी सार्वजनिक भवनों का सर्वे कर वहां दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में चिन्हित कमियों को दूर करते हुए भवनों में रैंप, रेलिंग, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि दिव्यांगजनों को कहीं भी आवागमन में बाधा न हो। बताया गया कि अभियान के क्रियान्वयन के लिए एक विशेष पोर्टल भी तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से सर्वे और कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में निर्देश दिए गए कि “सुगम्य इंदौर अभियान” केवल औपचारिक पहल न होकर जमीनी स्तर पर प्रभावी परिणाम देने वाला अभियान बने। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि सभी विभाग इस दिशा में जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि इंदौर को एक समावेशी और दिव्यांग-अनुकूल शहर के रूप में विकसित किया जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में निर्माणाधीन ओवरब्रिज परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में तेजी लाई जाए और दैनिक कार्य योजना बनाकर निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज आवेदनों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में अभियान चलाकर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निराकरण केवल औपचारिक न हो, बल्कि सकारात्मक एवं गुणात्मक हो। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यातायात सुधार और फायर सेफ्टी के लिए चलाए जा रहे अभियानों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इन अभियानों को नियमित रूप से संचालित रखा जाए, ताकि आमजन को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिल सके। बैठक में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतवार कार्य योजना बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, जिससे किसी भी क्षेत्र में जल संकट की स्थिति न बने।

# तन्वी कुमावत ने बढ़ाया मान, भावुक हुई मां

## 12वीं जीव विज्ञान संकाय में मप्र में प्रथम स्थान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार सुबह 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए। मप्र के परिणामों में इंदौर जिले में प्रतिभाओं ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। तन्वी कुमावत ने 12वीं कक्षा के जीव विज्ञान संकाय में पूरे प्रदेश में टॉप किया है। तन्वी ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टॉपर तन्वी कुमावत का मानना है कि उनकी सफलता का सबसे बड़ा राज निरंतरता है। उनका कहना है कि यदि कोई विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में निरंतरता रखता है, तो वह आधी जंग वहीं जीत लेता है। इसके साथ ही अपने मानसिक तनाव और परीक्षा के दबाव पर नियंत्रण रखना भी बेहद आवश्यक है। तन्वी ने बताया कि उन्होंने अपने आसपास के वातावरण और लोगों से हमेशा अच्छी चीजें सीखने की कोशिश की है। उनके लिए उनके आसपास के सभी लोग प्रेरणास्रोत रहे हैं जिनसे उन्होंने जीवन की गहराई को समझा है। आज के दौर में विद्यार्थियों के लिए सोशल मीडिया और अन्य मनोरंजन के साधन बड़े भटकाव का कारण बनते हैं। इस पर तन्वी का कहना है कि वह भी फोन और सोशल मीडिया का उपयोग करती हैं, लेकिन उन्होंने इसके और अपनी पढ़ाई के बीच



एक संतुलन बना लिया था। वे मानती हैं कि ज्यादा घंटे पढ़ने से बेहतर है कि रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़ा जाए। उनके अनुसार नियमित पढ़ाई ही अच्छे अंक लाने का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने आने वाले विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे एनसीईआरटी की पुस्तकों पर ध्यान दें और शिक्षकों के व्याख्यान कभी मिस न करें।

### डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का सपना

तन्वी कुमावत का लक्ष्य भविष्य में एक कुशल डॉक्टर बनना है। उनका उद्देश्य केवल एक सफल चिकित्सक बनना ही नहीं है, बल्कि वे समाज के लिए कुछ सकारात्मक योगदान देना चाहती हैं। वे एक ऐसा डॉक्टर बनना चाहती हैं जो समाज के लोगों का भला कर सके और मानवता की सेवा कर सके। अपनी इस सफलता का श्रेय वे अपने माता-पिता, पूरे परिवार और शिक्षकों को समान रूप से देती हैं। परीक्षा के दौरान जब कभी कोई पेपर कठिन आता था, तो वे अपने पूरे साल की मेहनत पर भरोसा रखकर आत्मविश्वास बनाए रखती थीं।

**जीएसीसी के वीर बने अग्निवीर**

# प्राचार्य ने दी बधाई, बताया एनसीसी को व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर की 9 एम.पी. बटालियन एनसीसी इकाई के तीन कैडेटों का चयन सत्र 2025-26 में भारतीय सेना के ‘अग्निवीर’ पद के लिए हुआ है। चयनित कैडेटों में ‘कैडेट गुलाब धुर्वे, कैडेट आदित्य यादव तथा कैडेट प्रमोद बंसल’ शामिल हैं। ये तीनों महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी हैं और वर्तमान में भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इन कैडेटों के भारतीय सेना में चयन होने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य ‘डॉ. ममता चंद्रशेखर’ ने तीनों कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर 9 एम.पी. बटालियन के ‘कमांडिंग ऑफिसर कर्नल मोहन तिवारी’ तथा ‘एडमिन ऑफिसर कैप्टन वरुण भारती’ ने भी चयनित कैडेटों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। महाविद्यालय की 9 एम.पी. बटालियन के ‘एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. भागवत राय’ ने भी कैडेटों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय तथा एनसीसी इकाई के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये कैडेट भारतीय सेना में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर प्राचार्य ‘डॉ. ममता चंद्रशेखर’ ने कहा कि ‘एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण ही नहीं देती, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का एक प्रभावी मंच है। एनसीसी के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। यह संस्था विद्यार्थियों को देश और समाज की सेवा करने का अवसर भी प्रदान करती है।’ महाविद्यालय के तीन छात्रों का अग्निवीर के रूप में चयन होने से अन्य एनसीसी कैडेटों में भी उत्साह का संचार हुआ है। महाविद्यालय के अनेक कैडेट इनसे प्रेरणा लेकर भारतीय सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहे हैं। इस उपलब्धि ने महाविद्यालय की एनसीसी इकाई की सक्रियता और विद्यार्थियों के समर्पण को भी उजागर किया है, जिससे संस्थान की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है।

# ऑनलाइन ठगी के साथ ऑफलाइन धोखाधड़ी के तीन मामले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के तीन अलग-अलग मामले सामने आए हैं। तीनों मामलों में पुलिस अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही है। ऑनलाइन ठगी में बैंक ट्रांजैक्शन और टेलीग्राम आईडी खंगाली जा रही है, जबकि अन्य मामलों में आरोपियों की तलाश जारी है।**



लसूड़िया थाना क्षेत्र के एग्जोटिका निवासी दीपक सलूजा (50) ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी 2023 को उन्होंने टेलीग्राम ग्रुप जॉइन किया था। यहां @Annie0068 नाम के एडमिन ने निवेश पर रकम दोगुनी करने का लालच दिया। आरोपी ने अलग-अलग UPI आईडी देकर कुल 2 लाख 43 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए, लेकिन रकम वापस नहीं की। पुलिस अब तीनों खातों की जानकारी जुटा रही है। दूसरे मामले में हाट पिपल्या निवासी वीडियोग्राफर नरेंद्र जाटवा की शिकायत पर तुलसी नगर निवासी उदय रंजन सिसोदिया के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नरेंद्र ने बताया कि अप्रैल 2024 में शादी की शूटिंग के लिए 1.23 लाख रुपए तय हुए थे। 20 हजार एडवांस मिलने के बाद उन्होंने फोटो सेलेक्शन के लिए अपना लैपटॉप भी दे दिया, लेकिन बाद में आरोपी ने न तो बाकी रकम दी और न ही लैपटॉप लौटाया। तीसरे मामले में राहुल गांधी नगर निवासी अभिषेक चौहान ने मोहम्मद फारुख शेख के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि नवंबर 2025 में पिकअप वाहन बेचने के बाद फारुख ने 90 हजार नकद दिए और बाकी 45 किश्तें भरने का वादा किया, लेकिन एक भी किश्त जमा नहीं की। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वंदे मातरम का विरोध करने वाली दोनों महिला कांग्रेस पार्षदों पर केस दर्ज

**इंदौर। इंदौर में बजट सम्मेलन के दौरान राष्ट्रगीत नहीं गाने वाली दोनों कांग्रेस महिला पार्षदों के खिलाफ एमजी रोड पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इसके लिए पुलिस ने बीते सप्ताह भर से सबूत एकत्र किए थे। आरोपी महिला पार्षदों से पुलिस ने तीन से चार घंटे तक पूछताछ की थी।**

इसके अलावा दोनों महिला पार्षदों को नोटिस देकर पुलिस ने बयान देने के लिए थाने भी बुलाया था। पार्षद रुबीना इकबाल खान और फौजिया शेख अलीम ने सम्मेलन के दौरान राष्ट्रगीत को लेकर टिप्पणी भी की थी। सदन में देरी से आने और वंदे मातरम गीत में शामिल नहीं होने के मामले में सभापति ने फौजिया को सदन से बाहर भी निकाल दिया था।



पुलिस ने दोनों महिला पार्षदों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 196(1) विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने व सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने) के तहत केस दर्ज किया है। इस धारा के तहत दोषी पाए जाने पर तीन साल की जेल या जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा सजा व जुर्माना दोनों भी हो सकते है। इसे लेकर एमजी रोड थाने में दो-तीन शिकायतें हुई थीं, जिनकी जांच पुलिस अफसर कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने सभापति मुन्नालाल यादव व कुछ भाजपा पार्षदों के बयान लिए थे। इसके अलावा सदन की रिकॉर्डिंग भी जब्त की थी। बीते दो दिनों में पार्षद रुबीना और फौजिया ने थाने आकर एसीपी विनोद दीक्षित के समक्ष बयान भी दर्ज कराए थे, हालांकि दोनों ने अपने बयान पर खेद भी जताया था, लेकिन पुलिस ने शिकायत के बाद हुई जांच और साक्ष्यों को आधार मानकर केस दर्ज कर लिया। कांग्रेस पार्षद रुबीना इकबाल खान ने वंदे मातरम विवाद को लेकर सदन में आपत्तिजनक टिप्पणी भी की थी। उन्होंने कहा था कि किसी के बाप में दम हो तो वे हमने गवा कर दिखाए। इसके अलावा उन्होंने खुद की पार्टी के पार्षदों द्वारा वंदे मातरम विवाद में कुछ न बोलने पर भाड़ में जाए कांग्रेस जैसी टिप्पणी भी की थी। इसे लेकर उनके निष्कासन का प्रस्ताव शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा है।

## सास के घर का ताला तोड़ घुसी बहू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के बीच मकान पर कब्जा करने की कोशिश का मामला सामने आया है। एक बुजुर्ग महिला ने अपनी बहू, उसके पिता और अन्य साथियों पर घर का ताला तोड़कर जबरन घुसने का आरोप लगाया है। आरोप है कि बहू अब सास को ही घर में प्रवेश नहीं करने दे रही है।

पुलिस के मुताबिक सिल्वर पार्क कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय शीला शर्मा ने बताया कि उनका बेटा आशीष साल 2020 से बेंगलुरु में निजी नौकरी कर रहा है और वह इंदौर स्थित मकान में अकेली रहती थीं। हाल ही में उनकी छोटी बेटी दीपिका के यहां पुणे में बच्चा हुआ था, जिसके चलते वह कुछ दिनों के लिए पुणे गई हुई थीं। इसी दौरान 22 मार्च 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे उनकी बहू आरती शर्मा अपने पिता बादशाह बरुआ और दो अन्य लोगों के साथ घर पहुंची। आरोप है कि सभी ने मिलकर मकान का ताला तोड़ दिया और बिना अनुमति घर के अंदर घुस गए। महिला का कहना है कि आरोपियों का मकसद मकान पर कब्जा करना था। उन्होंने बताया कि उनके बेटे और बहू के बीच पहले से ही दहेज प्रताड़ना, भरण-पोषण और तलाक से जुड़े मामले कोर्ट में लंबित हैं। इसी पारिवारिक विवाद के चलते इस घटना को अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद शीला शर्मा इंदौर लौटीं और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उनका आरोप है कि अब बहू उन्हें घर में घुसने नहीं दे रही, जिसके कारण वह अपनी एक सहेली के यहां रह रही हैं। पुलिस ने आरती शर्मा, उसके पिता और अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बेटे ने कर्ज नहीं चुकाया तो आरोपियों ने रातभर माता-पिता को बनाया बंधक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मारुति नगर क्षेत्र में एक बुजुर्ग दंपति को उन लेनदारों ने बंधक बना लिया, जिन्होंने उनके बेटे को लाखों रुपये का कर्ज दिया था। तीन आरोपी बेटे के दोस्त बनकर घर में घुसे और दंपति को बंधक बना लिया। उन्होंने दोनों की किडनी निकालकर बेचने की धमकी दी।

मामला लाखों रुपये के लेन-देन का है। आरोपियों के अनुसार, दंपति के बेटे अंकित जोशी ने उनसे पैसा उधार लिया था, लेकिन पिछले 20 दिनों से उसका कोई पता नहीं है। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। इसके बाद तीनों आरोपी अंकित के घर पहुंचे, लेकिन वह नहीं मिला, तो उन्होंने उसके माता-पिता को बंधक बना लिया और बेटे को बुलाने का दबाव बनाने लगे। अंकित के पिता रमेश जोशी एक कंपनी में सुरक्षा गार्ड हैं। तीनों आरोपी रात भर दंपति के साथ घर में रहे। सुबह जब रमेश जोशी ने ड्यूटी पर जाने की बात कही, तो एक आरोपी उनके साथ जाने लगा। रमेश जोशी ने आरोपी को चकमा देकर सीधे हीरानगर थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी। आरोपियों का कहना है कि वे अपना पैसा लेने आए थे। उन्हें आशंका थी कि आरोपी अपने माता व पिता के संपर्क में होगा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दंपति ने बताया कि आरोपियों ने उनके फोन भी छीन लिए थे और घर में तलाशी भी ली थी।पुलिस अब दंपति के बेटे अंकित की तलाश कर रही है।

## दोस्त के साथ महू घूमने गई युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के समीप महू में फिर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात हो गई। अपने दोस्त के साथ महू घूमने गई युवती के साथ दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने युवती के दोस्त को लाठी-डंडों से पीटा और फिर युवती के साथ गलत हरकतें कीं।**

किसी तरह युवक आरोपियों के चंगुल से आजाद हुआ और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर जब तक पुलिस पहुंची, तब तक आरोपी भाग चुके थे। हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। आशंका है कि आरोपी भी महू के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। युवती इंदौर के एक कॉलेज में पढ़ती है। वह और उसका दोस्त धार जिले के रहने वाले हैं। पहले भी महू क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हो चुकी हैं। महू के समीप दो सैन्य अधिकारियों के साथ रात में घूम रही एक युवती से भी डेढ़ साल पहले सामूहिक दुष्कर्म की घटना हो चुकी है। पुलिस ने युवती का अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया और फिर उसके बयान लेकर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस इस क्षेत्र में सक्रिय पुराने बदमाशों की जानकारी जुटा रही है। आशंका है कि दोनों आरोपी भी महू के आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में रहते हैं। पुलिस ने युवती को पहले इस तरह के अपराधों में पकड़े जा चुके अपराधियों के फोटो भी दिखाए हैं। मेहंदी कुंड में दुष्कर्म के बाद की थी युवक-युवती की हत्या महू के मेहंदी कुंड में पांच साल पहले दुष्कर्म कर युवती की हत्या कर दी गई थी। उसके दोस्त को भी चार बदमाशों ने मौत के घाट उतार दिया था। दोनों के कपड़े जलाने के बाद आरोपियों ने खाई से उन्हें नीचे फेंक दिया था। बाद में बदमाशों ने खाई में जाकर दोनों के शव पत्थरों में छुपा दिए थे। पुलिस ने वारदात के छह माह बाद दोनों के कंकाल जब्त किए थे।



## बिल्डर को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से धमकी

### रुपए दो, नहीं तो बेटे को गोली मार दूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रईस इलाकों में शुमार रेसकोर्स रोड के एक बड़े बिल्डर को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से धमकी मिली है। खुद को हैरी बॉक्सर बताने वाले शख्स ने बिल्डर से 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। नहीं देने पर आरोपी ने बिल्डर के बेटे की सटीक लोकेशन होने और उसे गोली मारने की बात कही है।**

गैंग ने बिल्डर के साथ ही चेतन सिंह पंवार और कुंवर सिंह भूरिया को भी धमकी दी है। लेकिन पुलिस अधिकारियों ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, बिल्डर विवेक दम्मानी के ऑफिस के नंबर पर मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे एक वॉट्सएप कॉल आया। कॉल ऑफिस की महिला स्टाफ ने रिसीव किया। फोन करने वाले ने कहा- विवेक दम्मानी को बोल देना 5 करोड़ दे दे, वरना बेटे को कहीं भी गोली मरवा दूंगा। यह भी कहा कि पुलिस के पास जाने से कुछ नहीं होगा और पैसे लेकर ही पीछा छोड़ा जाएगा। आरोपी ने दावा किया कि उसके पास बिल्डर और उनके बेटे की हर पल की लोकेशन है। पहले स्टाफ ने इसे मजाक समझा, लेकिन जब उसी नंबर से धमकी भरा वॉइस मैसेज आया तो पूरे ऑफिस में हड़कंप मच गया। इसके बाद स्टाफ ने तुरंत बिल्डर को जानकारी दी। मामले की सूचना क्राइम ब्रांच को दी गई, जिसके बाद एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई, जिस हैरी बॉक्सर का नाम लिया गया है, उसे लॉरेंस बिश्नोई गैंग का करीबी गुर्गा माना जाता है। पुलिस अब उस नंबर और वॉइस मैसेज के आईपी एड्रेस को ट्रैक कर रही है।



इंदौर में यह पहली बार नहीं है जब किसी बड़े कारोबारी को इस तरह की धमकी मिली हो। करीब एक महीने पहले तुकोगंज के बिल्डर संजय जैन को भी ऐसी ही धमकी मिली थी। उस मामले में पुलिस ने अशोक नगर से मनीष नाम के एक युवक को पकड़ा था, लेकिन मुख्य सरगना तक हाथ नहीं पहुंच पाए थे। मध्य प्रदेश में पिछले कुछ समय में लॉरेंस गैंग के नाम से फिरौती मांगने के 5 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। मामले में क्राइम ब्रांच का कहना है कि वे इन कॉल्स की गंभीरता से जांच कर रहे हैं और बिल्डर की सुरक्षा को लेकर सतर्क हैं। आरोपियों को जल्द पकड़ने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# किसानों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम केलिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए। ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को सोलर पम्प का उपयोग करने के लिए हर तरीके से प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को जो इससे जुड़ना चाहते हैं, विभाग उनका हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन भी करे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि राज्य के हित में किसानों और नागरिकों सभी को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लक्ष्य के लिए समर्पित और फोकस्ड होकर आगे बढ़ें।

किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति में भी तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 2 लाख से अधिक किसानों को सोलर पम्प से जोड़ने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ें। विभाग अपनी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्यों की समीक्षा करें और नई जरूरतों के मुताबिक इन लक्ष्यों में वृद्धि करें, ताकि कम समय में अधिकतम लोगों को लाभ मिले। इसके लिए विभाग अपनी योजनाओं को टाइम फ्रेम में लेकर आएं और तय समय सीमा में ही लक्ष्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इससे तेज और अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीयनिकाय कचरा बेचकर और प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना (रूफ टॉप स्कीम) में तेजी से प्रगति लाकर अच्छी आय अर्जित कर सकते हैं। नगरीय निकायों के पदाधिकारियों एवं अधिकारियों को इस विषय में प्रशिक्षण देने के लिए भोपाल में एक दिन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम किया जाए। यह कार्यक्रम जल्दी ही किया जाए, ताकि निकायों को काम करने के लिए अधिकतम समय मिल सके। बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा एवं मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री नीरज मंडलोई, वित्त सचिव श्री लोकेश जाटव, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री अमनवीर सिंह बैस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जनगणना ड्यूटी से बचने के लिए

## महिला शिक्षकों ने खोला बहानों का पिटारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। डिजिटल जनगणना की तैयारियों के बीच नगर निगम कार्यालय इन दिनों एक अलग ही स्थिति का सामना कर रहा है। यहां रोजाना महिला शिक्षकों के आवेदन पहुंच रहे हैं, जिनमें वे अलग-अलग कारण बताकर जनगणना ड्यूटी से नाम हटाने की मांग कर रही हैं।**

इनमें कोई स्वास्थ्य समस्या का हवाला दे रहा है तो कोई पारिवारिक जिम्मेदारियों का। राजधानी में जनगणना का काम नगर निगम को सौंपा गया है। शिक्षा विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी भी निगम के हैंडओवर है। बीते एक सप्ताह से निगम कमिश्नर के कार्यालय में हर दिन किसी न किसी महिला टीचर का आवेदन आ रहा है और तरह-तरह के बहाने बनाकर जनगणना ड्यूटी से नाम कटवाने का प्रयास कर रही हैं। एक शिक्षिका ने यह तक कहा कि वह घर में अकेली रहती हैं और उन्हें ही पूरे घर का काम संभालना पड़ता है, इसलिए ड्यूटी करना संभव नहीं है। सिर्फ व्यक्तिगत आवेदन ही नहीं, बल्कि कई मामलों में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सिफारिश के साथ भी आवेदन भेजे जा रहे हैं।

प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि फील्ड ड्यूटी से बचने के लिए ये तर्क अब काम नहीं आएंगे। डिजिटल जनगणना से बचने के लिए महिला शिक्षकों ने बीमारियों का सहारा लेना शुरू कर दिया है। किसी को धूप से एलर्जी है तो किसी को पेट का ऐसा पुराना दर्द है, जिसका इलाज कराने बार-बार गुजरात जाना पड़ता है।

मेडिकल सर्टिफिकेट्स और बीमारी के आवेदनों की बाढ़ आ गई है, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि फील्ड ड्यूटी से बचने के लिए ये तर्क अब काम नहीं आएंगे। ड्यूटी कटवाने के लिए नेताओं और रसूखदारों से जमकर फोन लगवाए जा रहे हैं। सिफारिशों में तर्क दिया जा रहा है कि फलां कर्मचारी की ड्यूटी कट गई तो हमारी क्यों नहीं? इस पर प्रशासन ने साफ किया कि केवल गर्भवती महिलाओं को ही विशेष रियायत दी गई है।

## 'बोलेरो साइड करो' से भड़की हिंसा, दलित-सवर्ण भिड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश के सीधी के अमिलिया में अंबेडकर जयंती रैली में हिंसा गाड़ी हटाने को लेकर शुरू हुई था। बाद में यह दलित V/s सवर्ण विवाद बन गया। करीब 200 लोगों ने थाने में घुसकर तोड़फोड़ की। टीआई को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पत्थरबाजी हुई। इसमें 12 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।



बुधवार को गांव में बाजार रोजाना की तरह खुला है। सुरक्षा के लिए इलाका छावनी बना है। चार थानों के 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात हैं। हर चौराहे पर दो-दो पुलिसकर्मी डटे हैं। वज्र वाहन, आंसू गैस और फायर ब्रिगेड भी तैनात है। चार लोगों को इकठ्ठा नहीं होने दिया जा रहा। हालांकि हालात सामान्य हैं। गांव की आबादी करीब 10 हजार है। इनमें ठाकुर, बनिया और ब्राह्मण ज्यादा हैं। करीब तीन हजार दलित, बाकी ओबीसी हैं। हिंसा को लेकर दलित नेता रानी वर्मा ने कहा कि यह बजरंग दल की साजिश थी।

मुझे कह रहे थे कि ये बहुत बड़ी अंबेडकर वादी बनती है। इसे यहीं खत्म करो। इसकी राजनीति खत्म हो जाएगी। बाबा साहब की दीवानी बनी फिरती है। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर सुबह 11:30 बजे भीम आर्मी के कार्यकर्ता रैली निकाल रहे थे। इसमें 400 से ज्यादा लोग शामिल थे। सड़क किनारे खड़ी बोलेरो में कोदौरा गांव के मनीष तिवारी और मनी शुक्ला बैठे थे। वे किसी काम से आए थे। रैली में कुछ लोगों ने गाड़ी हटाने को कहा। दोनों के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ा तो रैली में मौजूद लोगों ने उन्हें पीटना शुरू किया। गाड़ी के कांच तोड़ दिए। दोनों को बाहर निकालकर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से सड़क पर पटककर पीटा। एक शख्स घर के सामने बेहोश होकर गिर गया, फिर भी लोग उसे पीटते रहे। दूसरा मनी शुक्ला बचने के लिए एक घर में घुसा, तो भीड़ ने घर में घुसकर घरवालों और मनी को भी पीटा। दोनों को गंभीर हालत में रीवा मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया है। दोपहर 12:35 बजे रैली खत्म होने के बाद भीम आर्मी के लोग थाने पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, तो 200 से ज्यादा लोगों ने पथराव करते हुए थाने में घुसकर तोड़फोड़ की। थाना प्रभारी राकेश बैस समेत पुलिसकर्मियों से मारपीट की गई। हमलावरों ने थाने के तीन CCTV तोड़ दिए। थाना प्रभारी के केबिन में घुसकर तोड़फोड़ की। थाना परिसर और आसपास खड़ी 15 से अधिक बाइक और दो बोलेरो भी फोड़ दीं। टीआई राकेश बैस ने बाहर विरोध किया, तो उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। टीआई पर पत्थर भी मारे।

## गर्भवती महिला को अंगारों से जलाया

**कटनी, एजेंसी।** जिले के बिलहरी गांव में एक गर्भवती महिला को ससुराल वालों ने जलते अंगारों से दागकर पेट पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़िता उषा साहू ने बताया कि 5 अप्रैल को घर में खाना न बनने की बात पर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसके बाद जेठ चिरंजी साहू, जेठानी आरती, सुषमा और ससुर परम साहू ने मिलकर उसे बेरहमी से पीटा। आरोपियों ने जलती लकड़ी के अंगारों से पीड़िता के शरीर को जला दिया और गर्भवती होने के बावजूद उसके पेट पर लात-घूंसों और ईंटों से प्रहार किया।

## अध्ययनशीलता और देशभक्ति के सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित किया जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों और आश्रमों में अध्ययनशीलता और देशभक्ति के सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित किया जाए। छात्रावासों और आश्रमों के प्रबंधन में जन अभियान परिषद और गायत्री परिवार जैसी संस्थाओं से भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जनजातीय कार्य विभाग की मंत्रालय में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक में जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह वर्चुअल शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छात्रावासों और आश्रमों में खाना बनाने, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

## 25 शहरों में पारा 40 डिग्री पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** । म.प्र.में बुधवार को गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिले। सीजन में पहली बार 25 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक पहुंच गया। इंदौर और ग्वालियर में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। यहां पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया। इधर बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में गर्मी के कारण स्कूलों का समय बदला गया है। प्रदेश में छतरपुर का नौगांव सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री दर्ज किया गया। खजुराहो में 42.2 डिग्री, रतलाम में 42 डिग्री, नर्मदापुरम में 41.8 डिग्री, सतना में 41.7 डिग्री, मंडला में 41.6 डिग्री, सीधी में 41.2 डिग्री, शाजापुर में 41.1 डिग्री, टीकमगढ़, धार, खरगोन-रीवा में 41 डिग्री, उमरिया-दतिया में 40.8 डिग्री, श्योपुर, दमोह-रायसेन में 40.4 डिग्री, गुना में 40.3 डिग्री, छिंदवाड़ा, मलाजखंड-बैतूल में 40.2 डिग्री, खंडवा में 40.1 डिग्री और सागर में पारा 40 डिग्री रहा।

## संपादकीय

### ट्रंप की नाराजगी और पुतिन-मोदी की बढ़ती नजदीकियां

यूएस-ईरान युद्ध के कारण इस वक्त वैश्विक राजनीति उबाल पर है। एक तरफ जहां ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता फेल हो गई है। वहीं दूसरी तरफ इस संघर्ष को लेकर नाटो (NATO) के भीतर दरारें खुलकर सामने आ रही हैं। ऐसे में अचानक रूस के राष्ट्रपति पुतिन के भारत दौरे की खबरें सामने आने के बाद दुनिया का फोकस एशिया पर टिक गया है। इस बीच BRICS समूह की बढ़ती ताकत ने पश्चिमी देशों की चिंता और बढ़ा दी है, क्या दुनिया एक नए पावर ब्लॉक की ओर बढ़ रही है? अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयानों ने नाटो की एकजुटता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रंप ने गठबंधन को 'डिसअपॉइंटिंग' तक बताया और सहयोगी देशों पर दबाव बढ़ाया, जिससे यूरोप के भीतर अलग सैन्य गठबंधन बनाने तक की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इसी बीच बड़ी खबर रूस से आई है। क्रेमलिन ने साफ कर दिया है कि पुतिन इस साल भारत में होने वाले BRICS शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। यह उनका एक साल के भीतर भारत का दूसरा दौरा होगा, जो दोनों देशों के मजबूत होते रणनीतिक रिश्तों का संकेत है। भारत के लिए यह कूटनीतिक तौर पर बेहद अहम मोमेंट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत एक तरफ पश्चिमी दबाव को बैलेंस कर रहा है, तो दूसरी तरफ रूस और BRICS के जरिए अपनी वैश्विक पकड़ मजबूत कर रहा है। 2026 में BRICS की मेजबानी भारत कर रहा है, जिससे उसकी भूमिका और ज्यादा अहम हो गई है। एक्सपर्ट मानते हैं कि अगर नाटो कमजोर पड़ता है और BRICS मजबूत होता है, तो दुनिया का पावर बैलेंस बदल सकता है। फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि BRICS 'गेम चेंजर' बन गया है, लेकिन इतना साफ है कि आने वाले महीनों में अमेरिका, यूरोप, रूस और भारत के बीच चल रही यह कूटनीतिक खींचतान वैश्विक व्यवस्था को नई दिशा दे सकती है। BRICS अब उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक बड़ा और प्रभावशाली ब्लॉक बन चुका है, जिसमें 10 पूर्ण सदस्य देशों के साथ इंडोनेशिया के जुड़ने से इसका दायरा और बढ़ गया है। इस समूह में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। तेजी से बढ़ती सदस्यता ने BRICS को 'ग्लोबल साउथ' की मजबूत आवाज बना दिया है। आर्थिक मोर्चे पर BRICS लगातार मजबूत हो रहा है। 2025 तक इस समूह की संयुक्त GDP लगभग 77 ट्रिलियन डॉलर से अधिक आंकी जा रही है, जो G7 से भी आगे बताई जाती है। इसके साथ ही सदस्य देश आपसी व्यापार में अमेरिकी डॉलर की जगह स्थानीय करेंसी के इस्तेमाल पर जोर दे रहे हैं, जिससे वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। BRICS का New Development Bank (NDB) इस बदलाव का अहम आधार बन रहा है, जो सदस्य देशों को विकास परियोजनाओं के लिए फंडिंग देता है और IMF व वर्ल्ड बैंक के विकल्प के रूप में उभर रहा है।

## धर्म कर्म

# अबकी बार प्रचंड गर्मी की भविष्यवाणी कर रहे वैज्ञानिक

## विष्णु पुराण प्रलय से पहले ऐसे ही तपती है धरती



इस बार बढ़ती गर्मी को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस साल मानसून कम रहेगा यानी बरिश कम रहेगी और गर्मी अधिक रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस बार अल नीनो के प्रभाव के चलते गर्मी अधिक रहेगी और बारिश कम होगा। लगातार बढ़ती गर्मी के चलते विष्णु पुराण की भविष्यवाणी सच साबित होती नजर आ रही है। विष्णु पुराण में बढ़ती गर्मी और धरती के अंत को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई है। जानें बढ़ती गर्मी के बाद क्या होगा? क्या धरती अपने अंत के करीब है? पढ़ें विष्णु पुराण की भविष्यवाणी।

भारत में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। कई जगहों पर नदियों, तालाब और पानी के अन्य जलाश्य सूख रहे हैं। बढ़ती गर्मी और भविष्य को लेकर कई विष्णु पुराण में कई तरह की भविष्यवाणी की गई है। इस समय मौसम में कई तरह के बदलाव देखने को मिल रहा है। अब लगातार बारिश के बाद तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय मौसम विभाग ने भी चेतावनी जारी की है कि इस साल मानसून कम रहने वाला है। दरअसल, अलनीनो के चलते इस साल गर्मी अधिक पड़ेगी। जिस वजह से गर्मी काफी ज्यादा रहेगी। मनुष्य और जानवर सभी बढ़ती गर्मी के कारण काफी परेशान हो रहे हैं। विष्णु पुराण के तीसरे अध्याय में भी बढ़ती गर्मी और धरती के अंत को लेकर भविष्यवाणी की गई है। विष्णु पुराण में कहा गया है कि पृथ्वी का अंत सूरज की जला देने वाली तपिश से होगा। अब लगातार बढ़ती गर्मी के चलते विष्णु पुराण की भविष्यवाणी क्या सच होने वाली है? आइए जानते हैं बढ़ती गर्मी को लेकर क्या कहती है भविष्य पुराण की भविष्यवाणी।



### कब शुरू होगा धरती का अंत ?

विष्णु पुराण में बताया गया है कि धरती पर 30 दिन और रात का एक महीना होता है। वहीं, धरती का एक साल 12 महीनों का होता है। वहीं, देवताओं का एक दिन धरती के एक साल के बराबर होता है। धरती पर जब 360 साल होंगे तब देवताओं का एक साल होता है। ऐसे ही 12 हजार दिव्य वर्षों का एक चतुर्युग होता है और 1 हजार चतुर्युग का ब्रह्मा का एक दिन होता है। इन सभी को लेकर विष्णु पुराण में बताया गया है कि जब 1 हजार चतुर्युग बीत जाएंगे। तब धरती के अंत का आरंभ होगा। इसके बाद 100 साल तक सूखा पड़ेगा और धरती पर रहने वाली सभी मनुष्य कमजोर होने लगेंगे। लोग सूखे से पीड़ित होंगे और काफी परेशानी रहेंगे।

### धरती के अंत से पहले बढ़ेगी गर्मी

विष्णु पुराण में कहा गया है कि जब धरती का अंत होगा तब भगवान विष्णु इस पूरे संसार को खुद में लीन कर लेंगे। इसके लिए सूर्य से सात किरणे निकलेंगी। उन किरणों में भगवान विष्णु मौजूद होंगे। धरती का सारा पानी सूख जाएगा। इसके बाद वह अपने प्रकाश के प्रभाव से तीनों लोकों को भस्म कर देंगे। इसके बाद पृथ्वी की जमीन बहुत ज्यादा कछुए की तरह कठोर हो जाएगी। वहीं, धरती को भगवान विष्णु शेषनाग के मुख से नीचे से पातालों को जलाएंगे। इसके बाद पृथ्वी लोक को जलाएंगे। स्वर्गलोक से लेकर परलोक तक हर जगह अग्नि का प्रकोप होगा। इस तरह श्री हरि विष्णु पूरे संसार को जलाकर उसका अंत कर देंगे।

### बढ़ती गर्मी के बाद होगा बरसेंगे बादल

विष्णु पुराण में बताया गया है कि धरती का अंत जब आरंभ होगा तब गर्मी लगातार बढ़ती जाएगी। खतरनाक तरीके से बिजली गिरेगी। बड़े घनघोर बादल आकाश में उठेंगे। सभी बादल अलग अलग रंग के होंगे और जब धरती गर्मी से तपेगी तब बादल घनघोर बराशि शुरु कर देंगे और तब तक बरसेंगे जब तक पूरे जगत पानी पानी न हो जाएगा। यह बारिश लेकर पृथ्वी को ही नहीं बल्कि धरती के ऊपर के लोगों को भी जलमग्न कर देगी। करीब 100 वर्षों तक यह बादल बरसेंगे।

### धरती को खुद में लीन कर लेंगे विष्णु भगवान

विष्णु पुराण के चौथे अध्याय में कहा गया है कि जब संसार में चारों तरफ पानी पानी हो जाएगा। जब सप्तर्षियों का स्थान भी डूबने लगेगा। पूरी धरती महासमुंद के जैसी लगने लग जाएगी। इसके बाद भगवान विष्णु अपने मुख से हवा निकालेंगे और उन बादलों को खत्म कर देंगे। इसके बाद करीब 100 वर्ष से ऐसी ही हवा चलती रहेगी। इसके बाद विष्णु जी इन सारी हवाओं को पीकर अपनी शेषनाग की शैय्या पर सो जाएंगे। इस तरह विष्णु भगवान सारे संसार को खुद में लीन कर लेंगे।

New Delhi

# महिला आरक्षण पर संसद में संग्राम: अमित शाह बोले- 'धर्म के आधार पर आरक्षण मुमकिन नहीं', अखिलेश ने मांगा OBC-मुस्लिम कोटा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लोकसभा में महिला आरक्षण में संशोधन हेतु तीन विधेयक पेश कर दिए गए हैं। इन विधेयकों को मंजूरी मिली तो फिर 2029 के लोकसभा चुनाव से ही महिलाओं के लिए आरक्षण लागू हो जाएगा। इसके तहत 33 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए तय होंगी। इस बीच संसद में इस पर तीखी बहस चल रही है। समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने इस दौरान ओबीसी समाज की महिलाओं और मुस्लिम महिलाओं के लिए भी अलग से व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आखिर इसमें आरक्षण को लेकर कोई प्रावधान क्यों नहीं है। उनकी इस टिप्पणी पर सीधे होम मिनिस्टर अमित शाह ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि संविधान



में धर्म के आधार पर आरक्षण की बात नहीं है। उनका साफ कहना था कि मुसलमानों के लिए आरक्षण की किसी बात को सरकार नहीं मानेगी। यह संविधान के ही खिलाफ है। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि मेरी बात असंवैधानिक कैसे हो गई? क्या मुस्लिम महिलाओं को महिला नहीं माना जाएगा। इस पर अमित शाह ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है। यदि समाजवादी पार्टी चाहे तो सारे टिकट मुस्लिम महिलाओं को ही दे दे। इस दौरान अखिलेश यादव ने यह सवाल भी उठाया कि आखिर इतनी जल्दी क्या है। उन्होंने कहा कि 2026 की जनगणना हो जाए और उसमें जातियों का आंकड़ा आ जाए। फिर इसे तय कर लिया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा कि नई जनगणना में जाति का कॉलम भी नहीं है। इस पर अमित शाह खड़े हो गए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की चले तो वह तो घरों की भी जाति तय कर दे।

Uttarpradesh

# 'खुद' को मरा साबित करने के लिए भिखारी का कत्ल

## हाथरस में बर्खास्त सिपाही की खौफनाक साजिश का पर्दाफाश

**हाथरस, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां नौकरी से बर्खास्त पुलिसकर्मी ने अपनी मौत का झूठा नाटक रचने के लिए एक भीख मांगने वाले व्यक्ति की हत्या कर दी. मामला हाथरस जिले का है, जहां पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया है. पुलिस के मुताबिक, 12 मार्च को उत्तर पूर्व रेलवे के हाथरस रोड हॉल्ट के पास एक टिन शेड के नीचे एक अज्ञात बुजुर्ग का जला हुआ शव मिला था. शुरुआती जांच में यह मामला संदिग्ध लगा, जिसके बाद सरकारी रेलवे पुलिस (GRP) ने केस दर्ज कर गहन पड़ताल शुरू की. जांच के दौरान सामने आया कि यह हत्या 55 वर्षीय रामवीर सिंह ने की थी, जो पहले उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था, लेकिन आपराधिक गतिविधियों के चलते उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था. पुलिस के अनुसार, रामवीर ने एक भिखारी को निशाना बनाया, उसकी हत्या की और शव को जला दिया. इसके बाद उसने अपने पहचान पत्र और निजी सामान शव के पास रख दिए, ताकि पुलिस और लोगों को यह लगे कि वह खुद मर चुका है. हालांकि, जांच के दौरान कई सुराग ऐसे मिले, जिन्होंने पुलिस को शक की दिशा में आगे बढ़ाया. तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय इनपुट के आधार पर पुलिस ने सच्चाई का खुलासा करते हुए 14 अप्रैल को आरोपी को मैनपुरी जिले के किशनी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया. हाथरस सिटी जीआरपी थाना प्रभारी सुयश सिंह ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है. उसके खिलाफ फिरोजाबाद, अलीगढ़, मुरादाबाद, हरदोई, मैनपुरी और बदायूं समेत कई जिलों में अपहरण, हत्या, लूट और धोखाधड़ी जैसे गंभीर मामलों में केस दर्ज हैं.

Uttarpradesh

# महाराष्ट्र में हीटवेव का अलर्ट: अकोला में संदिग्ध मौत, राज्य में अब तक हीटस्ट्रोक के 15 मामले दर्ज

**अकोला, (एजेंसी)** विदर्भ में पड़ रही तेज गर्मी अब लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही है. अकोला में मंगलवार को एक ऑटो ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है. शुरुआती जांच में अधिक गर्मी और लू लगने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है. यह घटना पुराने शहर थाना क्षेत्र की है. जहां ऑटो ड्राइवर अपने वाहन में मृत अवस्था में मिले. थाना प्रभारी नितिन लेवलकर ने बताया कि शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली वजह पता चल सकेगी.

अकोला, विदर्भ, रत्नागिरी समेत महाराष्ट्र के तमाम शहरों में तापमान लगातार बढ़ रहा है. मौसम विभाग ने अभी हीटवेव के सितम का अलर्ट जारी किया है. इसको देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है. जिलाधिकारी वर्षा मीना की अध्यक्षता में हुई बैठक में हीटस्ट्रोक से बचाव के उपायों पर चर्चा की गई.

अभी अकोला समेत पूरे विदर्भ में तापमान 44C के आसपास दर्ज किया जा रहा है.

Uttarpradesh

लखनऊ में आग का तांडव

# 50 झुग्गियां जलकर खाक, मलबे में तब्दील हुए आशियाने और दो मासूमों की दर्दनाक मौत

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ के विकासनगर थाना क्षेत्र स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में बुधवार शाम करीब साढ़े पांच बजे अचानक भीषण आग लग गई. इस हादसे में दो मासूम बच्चों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई, जिसकी पुष्टि डीसीपी ईस्ट दीक्षा शर्मा ने की है. आग इतनी भयावह थी कि इसमें 10 से ज्यादा गैस सिलेंडर एक के बाद एक धमाकों के साथ फट गए, जिससे 50 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं. दमकल विभाग की 20 से अधिक गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के 10 मकानों को खाली कराया और बिजली सप्लाई बंद कर दी.

विकासनगर में लगी आग की लपटें करीब 5 किलोमीटर दूर तक देखी गईं. प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को अपना सामान बचाने तक का मौका नहीं मिला. एक के बाद एक हुए गैस सिलेंडरों के धमाकों ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी. 50 से ज्यादा परिवारों का आशियाना उजड़ गया है और वे खुले आसमान के नीचे आ गए हैं. कुछ स्थानीय लोगों ने इस पूरी घटना को संदिग्ध बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है.

खेल

# IPL 2026: आरसीबी ने 15.1 ओवर में हासिल किया लक्ष्य, अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची

**बंगलूरू, (एजेंसी)** रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की घातक गेंदबाजी के बाद विराट कोहली की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हरा दिया। बुधवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम 20 ओवर में 10 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। जवाब में आरसीबी ने 15.1 ओवर में पांच विकेट पर 149 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस जीत के साथ आरसीबी ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। पांच में से चार मुकाबले जीतकर आरसीबी ने आठ अंक और +1.503 का नेट रन रेट दर्ज कर लिया। वहीं, लखनऊ की टीम चार अंक और -0.804 के नेट रन रेट के साथ सातवें स्थान पर है।





आरसीबी ने महज 1.4 ओवर में महज नौ के स्कोर पर फिल सॉल्ट (7) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद विराट कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 34 गेंदों में 57 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभाला। पड्डिकल 11 गेंदों में 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद कोहली ने पारी को आगे बढ़ाया। कोहली ने 34 गेंदों में एक छक्के और छह चौकों के साथ 49 रन की पारी खेली। आरसीबी की तरफ से कप्तान रजत पाटीदार ने 13 गेंदों में 27 रन जुटाए, जबकि जितेश शर्मा ने 23 रन बनाए।


इस टीम ने 122 के स्कोर पर अपना पांचवां विकेट खो दिया था। यहां से टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने 14-14 रन की नाबाद पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। विपक्षी खेमे से प्रिंस यादव ने सर्वाधिक तीन विकेट हासिल किए, जबकि आवेश खान ने दो विकेट निकाले।

इससे पहले, लखनऊ की पारी की शुरुआत संभली हुई रही। एडेन मार्करम और मिचेल मार्श की जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरुआत देते हुए शुरुआती चार ओवरों में 32 रन जोड़े। हालांकि, मार्करम तेज शुरुआत के बाद सिर्फ 12 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान ऋषभ पंत क्रीज पर आए, लेकिन दुर्भाग्यवश अपनी पारी की तीसरी ही गेंद पर चोटिल हो गए और रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। दूसरी ओर, मार्श ने जिम्मेदारी संभालते हुए 32 गेंदों में 40 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल रहे, लेकिन वह भी ज्यादा देर तक टिक नहीं सके।

मध्यक्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया और टीम ने 118 रन तक पहुंचते-पहुंचते अपने पांच विकेट गंवा दिए। इसी दौरान पंत एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए लौटे, लेकिन ज्यादा योगदान नहीं दे सके और 16.5 ओवर में भुवनेश्वर कुमार का शिकार बन गए।

सिनेमा

# पुत्तर वड्डा सोच; जब मां ने 2 बीएचके नहीं 5 बीएचके घर खरीदने का दिया हौसला, अक्षय कुमार ने बताया किस्सा



अक्षय कुमार कई लोगों के लिए इंस्पिरेशन हैं। उन्होंने बॉलीवुड में बड़ा मुकाम हासिल किया और दौलत-शोहरत, बड़ा मकान सब कुछ है। अक्षय ने बताया कि वह अपना पहला घर खरीद रहे थे तो सोचा था कि दो बेडरूम का फ्लैट लेंगे। तब उनकी मां ने हौसला बढ़ाया कि बड़ा सोचना चाहिए। इसके बाद अक्षय 5 बेडरूम का घर लेने के लिए प्रेरित हुए। अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला आ रही है। वह इसके प्रमोशन में बिजी हैं। इस बीच उनका एक स्टेटमेंट वायरल है। अक्षय कुमार ने बताया कि जब वह पहला घर खरीद रहे थे तो उनकी मां ने क्या सीख दी थी। अक्षय बताते हैं, 'पहला घर जब मैंने सोचा था अपना लेने के लिए तो मैंने सोचा था कि मैं 2 बेडरूम फ्लैट लूंगा लेकिन मेरी मां ने कहा, 'पत्तर वड्डा सोच।' मैंने कहा कि इससे वड्डा की सोचांगा, 2 कमरे का फ्लैट मिल जाए इससे वड्डा की।' अक्षय ने बताया कि उनकी सलाह की वजह से वह ऊंचा सोच पाए। अक्षय ने बताया कि मां ने और क्या सीख दी। बोले, 'उनका कहना था, जो पहला फ्लैट होता है ना... जो पहला घर होता है, वो अपने लिए लेना होता है। वो अपने खुद के लिए लेना होता है। उसके लिए भगवान जो है, वो खद आप को किसी ना किसी तरह से पैसे पूरे करवा के रहेंगे।'

## Highlights

1. Pakistan-occupied Kashmir mentioned in Centre's new delimitation Bill: Report
2. Stray dog goes on rampage, bites 40 people in 2 hours in Maharashtra
3. Govt launches ₹10,000-crore Startup India Fund of Funds 2.0
4. No mother's son has guts to build Babri Masjid in WB: Shah to Humayun Kabir
5. India scripts history at European Girls' Mathematical Olympiad, wins 1st gold

# Sensex up 500 points, Nifty 50 nears 24,400 on hopes of Iran-US peace talks

**NEW DEIHI, (Agency).** India's stock market rose at the opening bell today, extending its rally to a second straight trading session, as hopes of an early end to the Iran war cooled crude oil prices. Still, the Strait of Hormuz remained a key risk.

The 30-share S&P BSE Sensex rose 0.73%, or 566.32 points, to 78,677.60 points even as the wider NSE Nifty 50 gained 0.64% to 24,385.20 points.

The equity benchmarks rose 1.6% each on Wednesday to hit a one-month high after the US said talks with Iran could resume soon in Pakistan.

"The message from the crude market and the US stock market (Nasdaq, S&P 500 at record high) is that the West Asian conflict is unlikely to last long. The stock market is discounting an early end to the conflict," V.K. Vijayakumar, chief investment strategist at Geojit Investments Ltd., said over email.

Brent crude slipped below $95 per barrel on Thursday after reports that Iran could consider allowing ships to pass through around the Strait of Hormuz, a waterway that carries 20% of global energy needs on a daily basis. A cheaper crude is a net positive




for India, the world's third-largest oil importer, as it helps ease the import bill, inflation, and pressure on corporate margins. The ongoing Iran war had pushed oil prices to as high as $120 per barrel.

Back home, foreign investors, who have been aggressive sellers of Indian stocks amid the Iran war, bought ₹666 crore worth of shares on Wednesday, as per provisional data. This will be their second session of net buying in India since the conflict began in late February.

Local investors are also monitoring the earnings season, with Wipro Ltd. and HDFC Life Insurance Co. Ltd. scheduled to report their fourth-quarter results Thursday.

HDB Financial Services Ltd. reports a 41.4% rise in fourth-quarter profit, driven by margin expansion, improving asset quality and growth in its consumer finance portfolio.

ICICI Lombard General Insurance posts a 7% rise in Q4 profit as stronger premiums from its retail health and motor segments cushioned the impact from higher claims payouts.

Brigade Enterprises Ltd. signs joint development agreement for a residential township project in Bengaluru, with an estimated gross development value of ₹7,200 crore.

# Wired Wisdom: Airtel's eSIM abruptness, Oakter revisits UPS and Instagram tools

**NEW DEIHI, (Agency).** Opening thoughts. The ₹3,99,900 Apple Studio Display XDR (which many think is just a very expensive display) has now received clearance from the US Food & Drug Administration for use in diagnostic radiology. This means Apple can now go ahead and release the Medical Imaging Calibrator for users, starting with the US market. At the time of the Studio Display XDR's release last month, Apple had detailed the new DICOM medical-imaging presets and Medical Imaging Calibrator to



enable use in diagnostic radiology, which would allow radiologists to view diagnostic images.

Very few displays have this level of application clearance. LG's 32HL512D-B medical grade monitor has clearance for general diagnostics usage. Sony's radiology monitor LMD-DM50 is also cleared for mammography usage. But consumer-first monitors with this level of accuracy? The Studio Display XDR has to be the first.

# शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरुरत....

## व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरुरत.....

## कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

## "डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरुकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक